Andhra Pradesh

18. Regional Science Centre, Tirupati (1993)

Gujarat

19 District Science Centre, Dharanipur (1984)

Tamil Nadu

20. District Science Centre, Tirunelveli (1987)

Assam

21. Regional Science Centre, Guwahati (1991)

Madhya Pradesh

22. Regional Science Centre, Bhopal (1995)

23.Science Activity Corner, Gwalior (1995)

Kerala

24. Regional Science Centre & Planetarium, Calicut (1997)

Haryana

25. Science Activity Centre, Sirsa (1995)

26. Panorama Museum, Kurukshetra (ncaring completion).

विश्व बैंक का साक्षरता-दर संबंधी प्रतिवेदन

3740 **श्री ईश दत्त यादव :**
श्री नागमणि :

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार देश में साक्षरता-दर संबंधी विश्व बैंक के प्रतिवेदन पर गंभीरता से विचार कर रही है ;

(ख) यदि हां,तो इस प्रतिवेदन के लक्षाण क्या-क्या है;

(ग) क्या सरकार ने राज्य सरकारों से इस प्रतिवेदन का अध्ययन करने तथा साक्षरता-दर में सुधार लाने हेतु आवश्यक कदम उठाने को कहा है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुही राम सैकिया): (क) से (घ) विश्व बैंक ने देश में साक्षरता दर के आधार पर कोई रिपोर्ट प्रकाशित नहीं की है । किन्तु ''भारत-प्राथमिक शिक्षा की उपलब्धि तथा चुनौतियों ''नामक एक प्रकाशन में जनगणना पर आधारित साक्षरता दरों से संबंधित आंकडों की सूचना दी गई थी ।

अधिसूचित जिलों में पूर्ण साक्षरता अभियान आरंभ किया जाना

3741 **श्री ईश दत्त यादव :**
श्री नागमणि :

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या अधिसूचित जिलों में पूर्ण साक्षरता अभियान आरंभ कर दिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इस अभियान के अन्तर्गत विभिन्न राज्यों के अधिसूचित क्षेत्रों में कौन-कौन से स्थान शामिल किये गये है;

(ग) इसके लिए आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया था तथा किस सीमा तक यह लक्ष्य प्राप्त किया गया है;और

(घ) अधिसूचित क्षेत्रों में इस योजना के प्रभावी कार्यान्वयन हेतू क्या-क्या कदम उठाये गये है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुही राम सैकिया): (क) से (घ) संपूर्ण साक्षरता अभियान अधिसूचित क्षेत्रों सहित संपूर्ण क्षेत्र को शामिल करते हुए जिलों में शुरू किए जाते हैं।इन अभियानों का उद्देश्य 15-35 वर्ष की आयु वर्ग की जनसंख्या को शामिल करना है ।

राष्ट्रीय साक्षरता मिशन, का उद्देश्य वर्ष 1995 के अन्त तक संपूर्ण साक्षरता अभियानों के अन्तर्गत 345 जिलों को शामिल करने का था, अब तक संपूर्ण देश के 428 जिलों को इसमें सम्मिलित कर लिया गया है ।

साक्षरता कार्यक्रमों को सुदृढ़ बनाने तथा उनमें सुधार करने के लिए कुछ कदम उठाए गए हैं :

(i) राज्य सरकारों से अनुरोध किया गया है कि वे संपूर्ण साक्षरता अभुयानों के अन्तर्गत शामिल करने से छूटे हुए जिलो को